हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 13 जून 2024

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

14 किसी भी आवेदक को गुमराह नहीं करेंगे...

14 जनहित के कार्यों में सहयोग करता है सेन समाज




REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

# प्रभार संभालते ही कलेक्टर पहुंचे विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण में

## कलेक्टोरेट बिल्डिंग के रेनोवेशन कार्य जल्द से जल्द पूरा करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नव पदस्थ कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को पदभार ग्रहण करने के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय भवन में संचालित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टोरेट बिल्डिंग के रेनोवेशन कार्य का भी निरीक्षण किया और तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि विगत 10 जून को असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना के कारण कलेक्टोरेट बिल्डिंग की पुनः साज सज्जा की जा रही है। अधिकारी-कर्मचारी सहित मजदूरों की 24 घंटे तैनाती की गई है। आगजनी में ज्यादा नुकसान पहुंचने वाले पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विभिन्न शाखाओं तथा आबकारी विभाग में भी अंदरूनी साज सज्जा के कार्य तेजी से चला रहा है। दस्तावेजों की लिस्टिंग के साथ ही कार्यालयीन कार्य बहाल करने तेजी से काम जारी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक चैंबर का अंदरूनी साज सज्जा पूरा हो गया है। बिल्डिंग के बाहरी साज सज्जा के कार्य में तेजी लाने लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा स्वयं मौजूद रहकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पर्याप्त मानव संसाधन के साथ आवश्यक मशीनरी का उपयोग कर कलेक्टोरेट बिल्डिंग का रेनोवेशन कार्य जल्द से जल्द पूरा करने भरसक प्रयास जारी है। संयुक्त जिला कार्यालय भवन में संचालित लगभग सभी कार्यालय सामान्य रूप से संचालित होने लगे हैं तथा दैनिक कार्यालयीन कार्य भी सुचारु रूप से चल रहे हैं।




## खबर संक्षेप

### जिले के नये कलेक्टर दीपक सोनी ने संभाला पदभार



**बलौदाबाजार।** जिले के 11वें कलेक्टर के रूप में दीपक सोनी ने बुधवार को पदभार संभाल लिया है। उन्होंने शाम 3 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में अपना चार्ज लिया। इस अवसर पर जिला के समस्त शासकीय विभागों के आला अधिकारी मौजूद थे। वर्ष 2011 बैच के आईएएस श्री सोनी इसके पूर्व वे सूरजपूर, दंतेवाड़ा एवं कोंडागांव के कलेक्टर रह चुके हैं। इसके साथ ही रायपुर जिला पंचायत सीईओ का कामकाज भी संभाल चुके हैं। वह वर्तमान में रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, मनरेगा के रूप में कामकाज संभाल चुके हैं।

### तेंदूकोना में नवनिर्वाचित सांसद का आगमन आज

**तेंदूकोना।** जीत के पश्चात खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा ग्रामीण मंडल के मुख्यालय तेंदूकोना में 13 जून को दोपहर 3 बजे लोकसभा के सांसद रुपकुमारी चौधरी का प्रथम आगमन होगा। जानकारी देते हुए भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल ने पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### बसना में मारपीट के दो मामलों में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। ग्राम बेलटिकरी में प्रार्थी कपूरचंद बरिहा पिता ननकी बरिहा (45 साल) के साथ गांव के ही रवि बरिहा ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। एक अन्य मामले में ग्राम अरेकेल में गिरधर यादव पिता मैसर यादव (62 साल) के साथ बंटी यादव पिता श्रीधर यादव (30 साल) ने हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों ही मामलो में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गड्ढा खोदने की बात पर विवाद

**महासमुंद।** ग्राम कोल्दा में गड्ढा खोदने की बात को लेकर एक व्यक्ति से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। खल्लारी पुलिस ने बताया कि गौटियापारा ग्राम कोल्दा के धनेश राम साहू पिता दौलतराम साहू के साथ आरोपी चुनेश साहू पिता भेटराम साहू ने घर का पानी निकालने हेतु गड्ढा खोदने की बात पर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा और बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पिथौरा पुलिस ने ग्राम मेमरा में रामेश्वर बरिहा पिता रतिराम बरिहा (40) निवासी अंसुला के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया है। वहीं बसना पुलिस ने देवलगढ़ से आरोपी अगस्टिन पिता श्याम लाल (27) के पाससे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया है। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**विरोध :** संगठन में दरार आने की संभावना बढ़ी, अन्य ब्लॉक के व्यापारियों ने बंद का किया समर्थन

# बलौदाबाजार कांड पर शहर बंद स्थगित चेंबर आफ कामर्स में मतभेद उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सोमवार को नगर में घटित तोड़फोड़ व आगजनी की घटना के दौरान नगर के व्यवसायियों की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने एवं मारपीट करने की घटना के विरोध में चैम्बर आफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज द्वारा 13 जुन को आयोजित बंद को स्थगित कर दिया गया है।

आयोजित बंद की सूचना देने पहुंचे चैम्बर के सदस्यों के साथ जिले में नव पदस्थ कलेक्टर एवं एसपी से हुई चर्चा के पश्चात बंद वापस लिये जाने का निर्णय की सूचना है। जानकारी में बताया गया है कि अधिकारियों द्वारा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया गया है। वहीं दूसरी ओर 10 जून की घटना से पीड़ित कुछ व्यवसायियों में चैम्बर के पदाधिकारियों द्वारा बंद के निर्णय को वापस लेने पर नाराजगी व्याप्त है। कुछ व्यापारियों द्वारा व्यक्त की जा रही प्रतिक्रिया से चैम्बर के सदस्यों में मतभेद उजागर होने से संगठन में दरार आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। गौरतलब है कि पूर्व में भी कुछ व्यवसायियों के साथ घटित घटनाओं के पश्चात इस बार चैम्बर द्वारा सामूहिक एकता का परिचय देते हुए एक दिवसीय बंद का आव्हान कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने प्रशासन पर दबाव बनाने का निर्णय लिया गया था। बलौदाबाजार के व्यवसायियों को समर्थन देते हुए पलारी, भाटापारा सहित आसपास के अन्य नगरों ने भी गुरूवार को बंद किये जाने का निर्णय लिये जाने की जानकारी दी है।

## बलौदाबाजार कांड के विरोध में आज पलारी बंद




**पलारी।** बलौदाबाजार मुख्यालय के कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय सहित आम आदमी, कर्मचारियों के सैकड़ों के तादात में दुपहिया व चारपहिया वाहन उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया था। वहीं दुकानदारों के साथ लुटपाट भी हुई। सीसीटीवी कैमरे व दुकानों में तोड़फोड़ की गई, जिससे इस अप्रत्याशित घटना से बलौदाबाजार सिहर उठा। इसके विरोध में पलारी व्यापारी संघ ने 13 जून को दुकान बंद करने का निर्णय लिया है तथा शांतिपूर्ण तरीके विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौपेंगे। बंद का आह्वान छत्तीसगढ़ चैम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज बलौदाबाजार के निर्देशानुसार पलारी के व्यापारी संघ द्वारा किया गया है, जिसमें उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई करने के साथ ही उनसे नुकसान की भरपाई वसूलने की बात कही गई है। बंद का आह्वान के लिए व्यापारी संघ ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

# प्रशासन अपनी कामयाबी को दिखाने निर्दोष लोगों को मुजरिम न बनाएं : बसपा

**मुड़पार-सरसीवा।** बसपा के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष श्याम टंडन ने बलौदाबाजार की घटना को लेकर जारी अपने बयान में है कि सतनामी समाज के आस्था का केन्द्र गिरौदपुरी से लगभग 5 किलोमीटर दूर अमर गुफा में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ फोड़ कर दो जय स्तंभ को काटकर फेंक दिए जाने के कारण सतनामी समाज के आत्मसम्मान को गहरा आघात पहुंचा है। इसके लिए समाज द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से शासन प्रशासन से न्याय की मांग का बहुजन समाज पार्टी समर्थन करती है, किन्तु जिस तरह से शासन प्रशासन की लापरवाही एवं अकर्मण्यता के कारण मंगलवार को घटित बलौदाबाजार कलेक्टोरेट में अपरिपक्व व दिशाहीन नेतृत्वकर्ताओं के कारण अनियंत्रित उग्र भीड़ में असामाजिक तत्वों द्वारा की गई हिंसात्मक घटना एवं आगजनी की घोर निन्दा करती है। समय-समय पर गाहे-बगाहे छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज के आत्मसम्मान को आघात पहुंचाने की घटनाएं होती रही है। शासन-प्रशासन सतनामी समाज के स्वाभीमान की उपेक्षा करते हुए त्वरित कार्रवाई न करके लापरवाही बरतने का काम की है, जिसके कारण ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हुई है। सरकार इस पूरे घटना क्रम की उच्चस्तरीय जांच कराए और सतनामी ही नहीं किसी भी समाज के आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचे ऐसी कानून व्यवस्था को कायम करें।



■ दो जैतखाम को काटकर फेंक देने से सतनामी समाज के आत्मसम्मान को गहरा आघात पहुंचा

सतनामी समाज के भाइयों से अपील है कि ऐसे अपरिपक्व व दिशाहीन नेतृत्व के भीड़ का हिस्सा न बने। सावधान रहें कही न कही जाती संघर्ष की ओर समाज को झोंकने का काम किया जा रहा है। कास्ट सेन्टीमेन्ट को उभार कर राजनीतिक रोटी सेकने में लोग लगे हुए हैं। अंधश्रद्धा और अंध भक्ति के आड़ में समाज के भावनाओं को भड़का कर राजनीतिक स्वार्थ सिद्धी में समाज को कलंकित एवं बदनाम करने में तुले हैं। परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर उनके समता, स्वतंत्रता, भाईचारा और न्याय पर आधारित सत्य और अहिंसा के मार्ग में चल कर उनके मानवतावादी विचारधारा को पूरा करने में अपनी शक्ति लगाने का काम करें। आपसी प्रेम और भाईचारे के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाएं। समाज में अनुशासन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण पैदा करें। जोश में होश खोकर कानून को कोई अपने हाथ में न ले। उन्होंने प्रशासन से भी गुजारिश की है कि अपनी नाकामियों को छिपाने एवं कामयाबी दिखाने के चक्कर में कहीं निर्दोष लोगों को जबरदस्ती मुजरिम बनाने का काम न करें।

# विश्व बाल श्रमिक निषेध दिवस पर दी गई विधिक जानकारी

**भटगांव।** विश्व बाल श्रमिक निषेध दिवस पर न्यायाधीश ने नगर पंचायत भटगांव में शिविर लगाया। इसमें पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न व्यापारिक स्थलों, दुकानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में नाबालिग बच्चों के पुनर्वास, संरक्षण के संबंध में तथा बल श्रम अधिनियम 1986 में दिए गए प्रावधानों के संबंध में विधिक जानकारी प्रदान की गई।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव द्वारा बुधवार को विश्व बाल श्रमिक निषेध दिवस पर नगर पंचायत भटगांव में सविता सिंह ठाकुर प्रथम वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश एवं अतिरिक्त न्यायाधीश भटगांव, अभिभाषक संघ भटगांव के अध्यक्ष जे बंजारे, सचिव डगेश्वर खटकर और पैनल लॉयर अधिवक्ता जीवनलाल कुर्रे, पूर्व अध्यक्ष रामसाय सिंह बघेल, पैरालीगल वालंटियर्स दीपक एवं नरेश विश्वकर्मा और पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न व्यापारिक स्थलों, दुकानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में नाबालिग बच्चों के पुनर्वास, संरक्षण के संबंध में तथा बल श्रम अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के संबंध में विधिक जानकारी प्रदान की।



# खेल गतिविधियों में शिक्षक सीख रहे एफएलएन की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा में निपुण भारत मिशन के तहत फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शालाओं के कक्षा एक से तीसरी तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों का जोन स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम चरण 10 जून से प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण विकासखंड सिमगा के तीन जोन सुहेला, हतबंद और सिमगा में आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्राथमिक स्तर के बच्चों को समुचित रूप से बुनियादी अक्षर व संख्या ज्ञान देकर उनकी नींव को मजबूत करने के लिए शिक्षकों का गतिविधि आधारित प्रशिक्षण एससीईआरटी रायपुर के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड में शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए विकासखंड शिक्षाअधिकारी एसके गेंदले, एबीईओ आरएस ठाकुर, एबीईओ व प्रभारी बीआरसी डीएस ठाकुर द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। विकासखंड सिमगा जोन का प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सभागार में आयोजित है। प्रशिक्षण में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों आधारित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में शालाओं में पढ़ रहे बच्चों को उनके निर्धारित लर्निंग आउटक्रम की स्थिति पर लाने के लिए प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी कराई गई। प्रशिक्षण में शिक्षकों को संबोधित करते हुए एबीईओ व प्रभारी बीआसी डीएस ठाकुर ने कहा कि बच्चों के अंदर भाषा की न्यूनतम दक्षता प्राप्त करने के लिए शासन के माध्यम से जारी शिक्षक संदर्शिका का उपयोग करते हुए बच्चों को एलएसआरडब्ल्यू विधि का प्रयोग शाला में अधिक से अधिक किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही गणित विषय के दक्षता को प्राप्त करने के लिए ईएलपीएस विधि का प्रयोग कर बच्चों को सीखाने पर ज्यादा जोर दें। प्रशिक्षक सनत कुमार पाटकर, नीरज अग्रवाल व दीनदयाल यादव के साथ अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से आभाष उपाध्याय व अतुल द्वारा विषय सूची आधारित एफएलएन के अवधारणाओं को हिंदी भाषा शिक्षण, गणित शिक्षण, डिकोडिंग, शुरूआती लेखन, उच्चस्तरीय लेखन आदि को गतिविधियों के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया गया व प्रशिक्षण की बारीकियों से शिक्षकों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के निरीक्षण के लिए आये विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस के गेंदले ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को एफएलएन की बारीकियां और क्रिया विधि को अपने-अपने स्कूलों में कक्षा शिक्षण के समय बच्चों के बीच उतारने के लिए प्रेरित किया। इससे बच्चे बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान में दक्षता हासिल कर सके। उन्होंने बताया कि विकासखंड के 3 जोन में आयोजित प्रथम चरण के प्रशिक्षण में लगभग 180 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं शेष शिक्षकों को अगले दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।



भाजपाइयों ने तहसीलदार से मिलकर समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा भी की

# एसडीएम दफ्तर में भाजपाइयों ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के साथ भाजपा नेताओं ने बुधवार सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय परिसर में लोगों से भेंट मुलाकात किया। जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी गई। कई लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं डॉ चोपड़ा के समक्ष प्रस्तुत की। जिसमें संतराम चक्रधारी (बरोंडाबाजार), नकुल राम मेहरा (खट्टी), रामचरण (मोंगरा), जोहिदा साहू (पिटियाझर), राजेश ध्रुव (सेनकपाट), परस राम सिन्हा (पोटिया), कस्तूर राठी (बेमचा) की समस्याएं सुनने के पश्चात डॉ. चोपड़ा ने तहसीलदार से मिलकर चर्चा की और लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि 7 दिन के बाद अगले बुधवार को समस्याओं की समीक्षा की जाएगी। हर बुधवार को डॉ. चोपड़ा और भाजपाइयों द्वारा जो राजस्व विभाग या अन्य विभाग की समस्याओं से पीड़ित लोग है उनसे भेंट कर उनकी समस्याओं का सुलह किया जाएगा। भेंट के दौरान पार्षद देवीचंद राठी, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिका, पार्षद हफीज कुरैशी, पवन साहू,मोहन साहू, जितेंद्र साहू, सुरेंद्र महाराज, डोमार तांडी, सुरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।



हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### शास्त्री चौक पर हजारों राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत



**रायपुर।** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस पूरे शहरभर में मनाया गया। शब्द कीर्तन से राजधानी रायपुर के गुरुद्वारे गूंज उठे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद चखा। संगत ने छबील सेवा में योगदान दिया। इसी कड़ी में सिख समाज की अग्रणी संस्था दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा शहर के प्रमुख शास्त्री चौक में मंगलवार को सुबह 11 बजे गुरु की अरदास के बाद राहगीरों को ठंडे मीठे पानी का शर्बत पिलाया गया, जिसमें समाज के सभी लोगों ने सेवा दी। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष बॉबी होरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जसबीर सिंह भटिया, परविंदर सिंह भटिया, प्रीतपाल सिंह होरा, सतन्दिर सिंह, लवली अरोरा, जगजीत सिंह अरोरा, कुलदीप जुनेजा, हरमीत सिंह होरा, हरचरण सिंह साहनी सहित सैकड़ों सेवादारों ने सेवा दी।

### कुनबी समाज की महापंचायत 16 को



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 16 जून को कुनबी समाज का महापंचायत का आयोजन कियया जा रहा है, जिसकी तैयारी के लिए समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक छत्रपति शिवाजी महाराज भवन गोंदवारा में गत दिनों हुई। प्रदेश कुनबी समाज के सचिव अमित डोये ने बताया कि बैठक में वर्षभर होने वाले सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। इस महापंचायत में हर जिले के कार्यकारिणी को अपने जिले में समाज कार्य को संचालित करने के लिए सरल उपाय बताए जाएंगे। साथ ही उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। पुरुस्कार वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। बैठक में रंजीत मुनेश्वर, निकेश तितरमारे, दानेश्वर रावत, हेमराज हत्तीमारे, दिलीप गेडेकर, सारिका गेडेकर, मनीषा बारसे आदि उपस्थित थे।

### ओपन माइक स्पर्धा में कियांश को मिला प्रथम पुरस्कार



**रायपुर।** वक्ता मंच छत्तीसगढ़ द्वारा 'स्वच्छ हवा, नीला आकाश पर्यावरण का मत करो विनाश' विषय पर विगत दिनों ओपन माईक स्पर्धा आयोजित गई थी। इस स्पर्धा में कियांश ओझा साल्वे ने पर्यावरण विषय पर एकल अभिनय प्रस्तुत कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा कविता, गीत, गजल, एक अभिनय सहित अनेक विधाओं में आयोजित इस स्पर्धा में शहर एवं बाहर के अनेक प्रतिस्पर्धी शामिल हुए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ख्यातनाम शायर केए सैफी, कृषि वैज्ञानिक घनश्याम साहू, शुभम साहू, राजेश आदि उपस्थित थे।

### म्यूकरमाइकोसिस के उपचार में मददगार साबित होगा एम्स का रिसर्च

**रायपुर।** दुनियाभर में म्यूकरमाइकोसिस के उपचार और अनुसंधान में एम्स में किया गया रिसर्च मददगार साबित होगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को म्यूकरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) के उपचार प्रबंधन पर 'अरोड़ा-नागरकर वर्गीकरण' का कॉपीराइट प्रदान किया गया है। यह वर्गीकरण ब्लैक फंगस के बेहतर उपचार और इसके परिणामों में दुनियाभर के ईएनटी विशेषज्ञों के लिए गाइड का कार्य करेगा। इससे रोगियों को ब्लैक फंगस के प्रथम चरण में ही और अधिक बेहतर चिकित्सा प्रबंधन प्राप्त होने की उम्मीद है। यह वर्गीकरण ईएनटी विभाग के प्रो. रिपुदमन अरोड़ा, पूर्व निदेशक प्रो. नितिन एम. नागरकर, डॉ. आकाश अग्रवाल, प्रो. रेनू राजगुरु, डॉ. नील प्रभा सहित अन्य चिकित्सकों के शोध पर आधारित है।

# कृषिमंत्री ने कहा- खाद-बीज की आपूर्ति में लापरवाही न हो, सैंपलिंग और जांच रखें जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

खास खबर

कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने मंगलवार को मंत्रालय में कृषि एवं संबंधित विभागों के आला अधिकारियों की बैठक लेकर खरीफ 2024-25 की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री ने कहा, किसानों को उनकी डिमांड के अनुरूप खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निरंतर अपने-अपने इलाकों का दौरा कर खाद-बीज के भण्डारण एवं उठाव पर निगरानी रखने के साथ ही इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सैंपलिंग और जांच पड़ताल जारी रखने के निर्देश दिए।

### बीज निगम के पास डिमांड से ज्यादा खरीफ फसलों के बीज



#### उर्वरक परिवहन पर रखें निगरानी

मंत्री ने नैनो फर्टिलाईजर को बढ़ावा देने, सीमावर्ती जिलों में उर्वरक परिवहन पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपेक्स बैंक के अधिकारियों से कहा, समितियों में भण्डारण क्षमता का आकलन कर लिया जाए। यदि भण्डारण के लिए अतिरिक्त गोदाम की आवश्यकता हो, तो इसका प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराया जाए।

चालू खरीफ वर्ष 2024 में सहकारी क्षेत्र में 5.44 लाख क्विंटल बीज मांग का आकलन गया है। वर्तमान में बीज निगम के पास कुल 6.31 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध है, जो मांग का 116 प्रतिशत है।

10 जून की स्थिति में कुल 4.16 लाख क्विंटल बीज का भण्डारण विभिन्न सहकारी सोसाइटियों में किया गया है, जो मांग का लगभग 76 प्रतिशत है। कृषकों द्वारा अभी तक 2.41 लाख क्विंटल बीज का उठाव किया जा चुका है, जो विगत वर्ष इसी अवधि में हुए उठाव 1.64 लाख क्विंटल की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक है। सहकारी क्षेत्र में उर्वरक का वर्तमान भण्डारण 6.20 लाख टन है, जो मांग का 72 प्रतिशत है। कृषकों ने अब तक 3.29 लाख टन खाद का उठाव किया है, जो मांग का 38 प्रतिशत है।

### नगर निगम अमला ने की कार्रवाई

# 3 जगहों पर चल रही थी अवैध प्लाटिंग, कहीं मुरुम रोड तो कहीं हो रहा था मकान निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में अवैध प्लाटिंग के मामलों में लगातार नगर निगम रोक लगाने की कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को भी देवपुरी क्षेत्र में 3 जगहों पर अवैध प्लाटिंग कर करीब 7 एकड़ भूमि को टुकड़ों में बेचा जा रहा था। इस भूमि पर कहीं रोड काटकर मुरुम का काम कराया जा रहा था, तो कहीं डीपीसी कर मकान का निर्माण कार्य शुरू हो चुका था। निगम टीम ने इन तीनों जगहों पर कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिलेभर में अवैध प्लाटिंग कर जमीन पर मकान बनाकर बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में भी कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत निगम मुख्यालय के निवेश उड़नदस्ता एवं जोन-10 की निवेश विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से बाबू जगजीवनराम वार्ड क्रमांक 53 के देवपुरी व कृष्णापुरी में कुर्सी फैक्ट्री के पीछे अलग-अलग 3 स्थानों पर एक खसरा नंबर की जमीन को टुकड़ों में बांटकर जहां मकान निर्माण कराने का काम चल रहा था, तीनों जगह पर प्लाट काटकर बनाई गई रोड और डीपीसी को जेबीसी से हटाने की कार्रवाई की। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने बताया कि टीम जब मौके पर पहुंची, तो वहां कोई नहीं मिला। इसके कारण इस जमीन के मालिक का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि तहसील कार्यालय से जमीन से संबंधित सीमांकन, बटांकन सहित अन्य दस्तावेज मांगे गए हैं, ताकि उनके मालिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए।





#### दस्तावेजों की कमी के कारण 83 प्रकरण में अब तक एफआईआर नहीं

विदित हो कि इससे पहले भी जोन-10 अंतर्गत सौ से ज्यादा अवैध प्लाटिंग के मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 83 प्रकरणों में वर्ष 2023 में एफआईआर दर्ज कराने के लिए जोन कार्यालय से टिकरापारा और मुजगहन थाने में आवेदन भी दिए गए हैं, लेकिन अब तक इन मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है। जोन क्षेत्र के पूर्व कमिश्नर दिनेश कोसरिया ने पूर्व में हरिभूमि से बातचीत में बताया था कि तहसील कार्यालय से सीमांकन व बटांकन के दस्तावेज नहीं मिल पाते। इसके कारण अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज नहीं हो पाती। दस्तावेज को लेकर जोन कार्यालय से कई बार तहसील कार्यालय को पत्र भी भेजा गया है।

# शहर में दौड़ेंगी 100 इलेक्ट्रिक सिटी बसें, पंडरी और आमानाका डिपो से होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी की जनता को आवागमन के लिए जल्द ही 100 इलेक्ट्रिक सिटी बसों की सौगात मिलेगी। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इन बसों की चार्जिंग और मेंटनेंस के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शहर के दो जगह पंडरी और आमानाका सिटी ई-बस डिपो से होगा है। इसके लिए बस डिपो में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत मिलेगी बसें**-शहर में चलने वाली 100 इलेक्ट्रिक बसों की सुविधा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर सिटी को मिलेगी। इन बसों के चलने से शहर के अंदर ट्रांसपोर्ट की सुविधा और भी आसान हो जाएगी। पंडरी और आमानाका डिपो से चलने वाली बसें शहर के अलग-अलग स्थानों के लिए रवाना होंगी, जिससे आम यात्रियों को शहर के उन सभी प्रमुख मार्गों पर बस की सुविधा मिलेगी, जिस मार्ग से अन्य यात्री गाड़ियां भी गुजरती हैं।

**एक एकड़ में आईएसबीटी का निर्माण** -इन बसों की पार्किंग के लिए आईएसबीटी तैयार किया जा रहा है। इसका निर्माण एक एकड़ जमीन में होगा। जमीन फाइनल कर ली गई है। इस आईएसबीटी से दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों को भी शहर के भीतर किसी भी स्थान पर जाने के लिए आसानी से सिटी बसें मिल पाएंगी।

**कलेक्टर ने किया निरीक्षण**-कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने मंगलवार को बस डिपो और आईएसबीटी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस नए बस डिपो को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया जा रहा है, जिसमें बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके अलावा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वेटिंग एरिया और अन्य व्यवस्थाएं होंगी। निरीक्षण के दौरान रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुंदरनगर में पानी की समस्या, अफसरों को हटाने के बाद पार्षद का धरना समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ढाई सौ घरों में पानी नहीं, एरिया टीम नहीं कर पाई समाधान
- सुबह से धरने पर बैठे पार्षद दुबे, मनाने आयुक्त को आना पड़ा

पिछले तीन माह से सुंदरनगर के ढाई सौ से अधिक घरों में पानी की समस्या और एरिया टीम द्वारा इसका समाधान नहीं किए जाने से नाराज पार्षद मृत्युजंय दुबे ने धरना दे दिया। सुबह से धरने पर बैठे पार्षद को मनाने निगम आयुक्त को वहां आना पड़ा। पार्षद दुबे की नाराजगी के बाद सुंदर इलाके के निगम अफसरों की टीम को बदल दिया गया है।

आरोप है कि अमृत मिशन योजना के तहत जब से पाइप लाइन बिछाई गई है, तब से पानी दिक्कत लगातार बढ़ गई है। किसी के घर एक बाल्टी पानी आ रहा है, तो किसी के घर दो बाल्टी..। इस मामले में स्थानीय अधिकारियों को कई बार सूचित किया गया, मगर उनकी ओर से किसी तरह का समाधान नहीं किया जा सका। हर बार केवल आश्वासन मिलने से नाराज वार्ड पार्षद मृत्युजंय दुबे मंगलवार की सुबह से धरने पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि जब तक समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा, वे धरने पर बैठे रहेंगे। अधिकारी उन्हें मनाने का प्रयास करते रहे मगर वे नहीं माने। रात लगभग निगम आयुक्त अभिनेष मिश्रा खुद वहां पहुंचे और पार्षद को मनाने का प्रयास किया। दुबे वहां के अधिकारियों की टीम का कार्यशैली से बेहद खफा थे। उनकी मांग पर निगम आयुक्त ने सुंदर नगर इलाके में काम देखने वाले अधिकारियों की टीम को बदल दिया है। साथ ही उन्हें आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान जल्द कर दिया जाएगा। आयुक्त के आश्वासन के बाद पार्षद का गुस्सा शांत हुआ और वे धरने से हटे। इस दौरान निगम आयुक्त ने पार्षद के साथ क्षेत्र के रहवासियों से उनकी समस्या के बारे में भी जानने का प्रयास किया।



# डॉग सेल्टर होम में आवारा कुत्तों की देखभाल भोजन के साथ इलाज की सुविधा, नसबंदी भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सोनडोंगरी में बनाया जा रहा डॉग सेल्टर होम

राजधानी रायपुर के सोनडोंगरी हीरापुर में आवारा कुत्तों के लिए डॉग शेल्टर होम का निर्माण कराया जा रहा है। नगर निगम और एनजीओ की संयुक्त भागीदारी से इस डॉग शेल्टर होम में आवारा कुत्तों की देखभाल से लेकर उनके भोजन, इलाज यहां तक कि नसबंदी करने की भी व्यवस्था की जा रही है। इससे शहर में एक ओर जहां आवारा कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या से निजात मिलेगी, वहीं बीमारी, सड़क हादसे में घायल होने से आवारा कुत्तों की मौत के आकड़ों में भी कमी आएगी।

#### 65 सौ वर्गफीट में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा डॉग शेल्टर होम

सोनडोंगरी हीरापुर में पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में खाली 65 सौ वर्गफीट क्षेत्रफल में डॉग शेल्टर होम का निर्माण किया जा रहा है। डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे शेल्टर होम की शुरुआत में बाउंड्रीवॉल और शेड का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए 48 लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

#### पीपीपी मॉडल पर चलेगा डॉग शेल्टर

डॉग शेल्टर का संचालन पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा। डॉग सेल्टर में सुविधाएं नगर निगम विकसित करेगा और कुत्तों की देखभाल, उनके लिए भोजन इत्यादि की व्यवस्था निजी स्वयंसेवी संगठन और डॉग लवर्स करेंगे। नगर निगम शेल्टर में वेटनरी अस्पताल जैसी सुविधाएं भी विकसित होंगी तथा वेटनरी डाक्टर्स यहां उपलब्ध रहेंगे।

#### शेल्टर में बीमार व आक्रामक आवारा कुत्तों को रखा जाएगा

डॉग शेल्टर होम में बीमार और आक्रामक आवारा कुत्तों को पकड़कर लाया जाएगा। यहां उनका इलाज किया जाएगा। नियमित रूप से यहां उनकी नसबंदी भी होगी। इससे शहर में आतंक मचाने वाले आवारा कुत्तों में कमी आएगी।

#### कुत्तों की जनसंख्या कम करने योजना बनाकर लागू करेंगे- कलेक्टर

कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को डॉग शेल्टर का चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस अभियान में आम लोगों की सहभागिता और मदद बढ़ने के साथ-साथ कुत्तों की संख्या एवं सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। कुत्तों की जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए भी यहां योजना बनाएंगे और उसे लागू करेंगे। निरीक्षण के दौरान रायपुर निगम आयुक्त आबिनाश मिश्रा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस, किसी का नामांकन भी रद्द नहीं

# सराफा चुनाव में एकता और जय पैनल में मुकाबला तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में बिलासपुर-रायपुर के एकता पैनल और दुर्ग-रायपुर के जय सराफा पैनल के बीच सीधा मुकाबला तय हो गया है। नाम वापसी के अंतिम दिन मंगलवार को किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया है। इसी के साथ सभी प्रत्याशियों के नामांकन ही सही पाए जाने के कारण किसी का फार्म भी रद्द नहीं हुआ है। मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू के मुताबिक चुनाव के लिए अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो प्रत्याशी मैदान पर हैं। दोनों पैनलों ने एक ही तरह के तीन-तीन चुनाव चिन्ह देकर एक-एक चुनाव चिन्ह देने की मांग भी मुख्य चुनाव अधिकारी के सामने रखी है।

दो साल विलंब से सराफा एसोसिएशन के चुनाव लंबे समय तक चले विवाद के बाद अब जाकर हो रहे हैं। इतिहास में पहली बार चुनाव की पूरी प्रक्रिया हो रही है। पहली बार बैलेट पेपर से मतदान होगा। इसके पहले नामांकन की पूरी प्रक्रिया की गई है। नामांकन में सबसे पहले बिलासपुर के कमल सोनी ने अध्यक्ष पद का नामांकन भरा। इसके बाद बिलासपुर के एकता पैनल से ही रायपुर के प्रकाश गोलछा ने जहां महासचिव के लिए नामांकन भरा, वहीं बिलासपुर के हर्षवर्धन जैन ने कोषाध्यक्ष के लिए नामांकन किया। नामांकन के अंतिम दिन दुर्ग और रायपुर सराफा के पदाधिकारियों ने मिलकर जय सराफा पैनल बनाकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए दुर्ग सराफा के प्रकाश सांखला, महासचिव पद के लिए रायपुर के उत्तम गोलछा और कोषाध्यक्ष पद के लिए रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश भंसाली ने नामांकन किया। नाम वापसी का मंगलवार को अंतिम दिन था। किसी ने नाम वापस नहीं लिया है। अब मैदान पर एकता और जय पैनल के तीन-तीन प्रत्याशी तीन पदों के लिए आमने-सामने हैं।




#### कल मिलेगा चुनाव चिन्ह

बिलासपुर एकता पैनल के कमल सोनी और प्रकाश गोलछा ने बताया, हमने चुनाव चिन्ह के लिए तीन चिन्ह दिए हैं। पहले नंबर पर कलश, दूसरे नंबर पर उगता सूरज और तीसरे नंबर पर दीपक है। इसी तरह से जय पैनल ने भी यही तीन चिन्ह दिए हैं। इनकी तरफ से पहले नंबर पर दीपक, दूसरे नंबर पर कलश और तीसरे नंबर पर उगता सूरज है। चुनाव चिन्ह का आबंटन गुरुवार को किया जाएगा। इसके बाद प्रत्याशियों को दस दिनों का समय चुनाव प्रचार के लिए मिलेगा। 23 जून को सुबह 10.30 बजे से शाम को 4.30 बजे तक रायपुर में मतदान होगा। इसके बाद इसी दिन मतगणना करके नतीजे घोषित किए जाएंगे।

# केंद्रीय अध्ययन मंडल की बैठक पूर्ण आज जारी हो सकते हैं दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा दो दिनों से जारी केंद्रीय अध्ययन मंडल की बैठक मंगलवार को समाप्त हो गई। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र के लिए दिशा-निर्देश महाविद्यालयों को प्राप्त हो जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लगने के पूर्व यह घोषणा की गई थी कि नवीन सत्र से प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी जाएगी। इसके बाद विभिन्न स्तर पर कमेटी बनाकर सिलेबस व ऑर्डिनेंस संबंधित जिम्मेदारियां कमेटियों में बांटी गईं। आचार संहिता हटने के बाद भी अब तक इस संदर्भ में विस्तृत दिशा-निर्देश संबंधित विभाग द्वारा प्रदान नहीं किए जा सके हैं।महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पोर्टल 18 जून को खुल जाएंगे। इसके पूर्व कोर्स संबंधित पूछताछ के लिए छात्रों के महाविद्यालय आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। चूंकि महाविद्यालय प्रबंधन को ही इस विषय में सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है, ऐसे में छात्रों को वे भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

***सिलेबस सहित अन्य बदलावों पर चर्चा :*** रविवि अध्ययनशाला तथा संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित विषयों पर दो दिनों तक चर्चा हुई। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, प्रथम दिवस गणित, सांख्यिकी, भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, इतिहास सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। इसके बाद दूसरे दिन कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी, मानव शास्त्र, भूगर्भ शास्त्र, बीबीए, सैन्य विज्ञान पर चर्चा हुई।

**खबर संक्षेप**

## केंद्र ने भेजे 4,761 करोड़ रुपए, किरण देव बोले- मोदी का छत्तीसगढ़ से अटूट नाता



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को वर्ष 2024-2025 से संबधित 4761.30 करोड़ रुपए की संपूर्ण राशि हस्तांतरित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति पूरे छत्तीसगढ़ की ओर से आभार व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा, केंद्र से प्राप्त यह राशि छत्तीसगढ़ के विकास और जनकल्याण के भाजपा के संकल्प की पूर्ति के प्रयासों को गति प्रदान करेगी। श्री देव ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी सदैव छत्तीसगढ़ के प्रति अपने आत्मीय जुड़ाव का परिचय देते रहे हैं। इससे पहले श्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि छत्तीसगढ़ को केंद्र की ओर से प्रदान की है। श्री देव ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार तेजी के साथ अपने संकल्पों और मोदी की गारंटी पर काम करके अभूतपूर्व जन विश्वास अर्जित किया है। जनता का अब केवल भाजपा और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्त्व पर अटूट विश्वास का रिश्ता जो कायम हुआ है, वह छत्तीसगढ़ को नित नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा।

### आयोजन: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर शासकीय महाविद्यालय में हुई कार्यशाला

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन उच्च शिक्षा विभाग का ऐतिहासिक कदम:अनुसुइया






हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा 12 जून 2024 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए वल्लभाचार्य महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के अध्यापकों एवं कर्मचारी के संवेदीकरण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन में डॉ ईपी चेलक, डॉ रीता पांडेय, डॉ मालती तिवारी, अजय कुमार राजा, अजय देवांगन, एनईपी क्रियान्वयन समिति एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन उच्च शिक्षा विभाग का एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है, जो शैक्षणिक सत्र 2024-25 में महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। महाविद्यालय के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास से 4 वर्षीय स्नातक सेमेस्टर पाठ्यक्रम एवं सेमेस्टर, प्रणाली चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक हो पाएगा। विद्यार्थियों के प्रथम वर्ष में प्रवेश उपरांत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से अवगत कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को आधिकाधिक समकालीन समावेशी और कौशल उन्मुख बनाने तथा रोजगार के अवसर सृजित करते हुए प्रत्येक विद्या में सक्षम ऊर्जावान युवाओं द्वारा समाज निर्माण और राष्ट्र के विकास में योगदान करना है।

डॉ रीता पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बहु प्रवेश/ निकास विकल्प के साथ तीन या चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अध्ययन के लिए लचीलापन एवं विषयों का विकल्प दिया जाना है, जहां छात्र विभिन्न विषयों के एक समूह का चयन करने में सक्षम होंगे। जी समूह में विज्ञान वाणिज्य कला और मानविकी आदि विषय हो सकते हैं। 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में प्रत्येक सेमेस्टर 20 क्रेडिट का होगा एवं 1 वर्ष में सर्टिफिकेट 2 वर्ष में डिप्लोमा 3 वर्ष में डिग्री एवं 4 वर्ष में ऑनर्स कोर्स की उपाधि विद्यार्थियों को प्राप्त होगी।

डॉ. ईपी चेलक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। डीएससी, डीएसई, जेनेरिक इलेक्टिव, एबिलिटी एनहैंसमेंट कोर्स, वैल्यू एडिशन कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। डॉ मालती तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संरचनात्मक एवं गुणात्मक स्वरूप से परिचित होने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। छात्रों को दिशा निर्देश देने के लिए सूचना पटल पर एवं वेबसाइट पर कार्यशाला के माध्यम से भी जानकारी प्रदान की जा रही है। आईक्यूएसी प्रभारी मनीराम धीवर ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण पश्चात प्राध्यापक एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया गया। कार्यक्रम में करुणा दुबे, डॉनीलम अग्रवाल, डॉ आरके अग्रवाल, सी खलको, प्रदीप कन्हेर, सीमा रानी प्रधान, तरुण ध्रुव, रवि देवांगन, आशुतोष पुरी गोस्वामी, राजेश्वरी सोनी, सरस्वती, प्रियंका सोनवानी, मुकेश साहू, मनोज शर्मा, शशि सोनी, कुंदन देवांगन, चितेश्वरी अलुमनी सदस्य एवं समस्त महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार राजा एवं आभार प्रदर्शन डॉ अजय कुमार देवांगन ने किया।

## लो-वोल्टेज से निजात दिलाने मचेवा के ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- विधायक सिन्हा ने तत्काल विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को फोन कर शीघ्र समाधान करने के दिए निर्देश

ग्राम मचेवा के ग्रामीण इन दिनों बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। हल्के आंधी तूफान में ही कई घंटों तक बिजली बंद कर दी जाती है। मचेवा बस्तीपारा के ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय जाकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर लो वोल्टेज व बिजली कटौती की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

विधायक को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि दिन-रात लो वोल्टेज की समस्या रहती है। मचेवा बस्तीपारा स्थित ट्रांसफार्मर से तीन कनेक्शन निकला है। जिसमें से बस्तीपारा के लिए दिए गए कनेक्शन में लोड अधिक है। जिससे वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कूलर पंखे, टीवी, फ्रिज ने काम करना बंद कर दिया है। रात में उमस भरी गर्मी से ग्रामीण परेशान रहते हैं। ज्यादातर रात में लोड बढ़ने से बस्तीपारा क्षेत्र के दिए कनेक्शन का सर्किट उड़ जाने से लोग रात-रात भर परेशान होते हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्गों को अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शीघ्र ही उच्च क्षमता की ट्रांसफार्मर लगाने तथा इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने की मांग ग्रामीणों ने विधायक से की है। ग्रामीणों की समस्या सुनकर विधायक सिन्हा ने तत्काल विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को फोन कर शीघ्र समाधान करने निर्देशित किया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान महेश सिन्हा, छन्नू साहू, द्वारिका सिन्हा, डोमन सेन, रवि, सुरेश, तोगेश, जितेंद्र, टीकम ध्रुव, योगेश, मधुशंकर, कुणाल, हेमशंकर, सौरभ सिन्हा, गजानंद, पुरुषोत्तम, बाबुलाल, नोहर, जोधन परमानंद, भूपेंद्र, संतोष आदि उपस्थित थे।

## बेलसोंडा सरपंच के पर्यावरण संरक्षण से प्रेरित होकर रामाश्रय ने दी 5100 का सहयोग राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पंचायत बेलसोंडा सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के प्रकृति प्रेम एवं जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन जैसे कार्यों से प्रभावित होकर पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामाश्रय यादव (पहलवान) ने सरपंच भामिनी को आगामी बारिश के सीजन में पौधरोपण के लिए 5100 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की है। सरपंच द्वारा इसका श्रेय विवेकानंद सेवा संस्थान को देते हुए उक्त राशि संस्थान के अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल साहू तथा कोषाध्यक्ष/सचिव उदेराम साहू को सौंप दी। सरपंच भामिनी ने इस पुनीत कार्य के लिए रामाश्रय यादव का आभार व्यक्त करते हुए लोगों से पौधरोपण के लिए विवेकानंद सेवा संस्थान को अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील भी की।

## नवनिर्वाचित सांसद का टीचर्स एसोसिएशन ने किया स्वागत



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, प्रांतीय प्रचार मंत्री केशवराम साहू, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अर्चना तिवारी, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद यादव, जिला संयोजक लालजी साहू, जिला सचिव नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष खिलावन वर्मा, जिला महिला प्रकोष्ठ पुष्पलता भार्गव, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा की अगुवाई तथा तुलेंद्र सागर, विकास साहू, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, घनश्याम चक्रधारी, महेश ध्रुव, नरेश पटेल, अंकित चंद्राकर की उपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने नदी चौक में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी से सौजन्य भेंटकर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष चौधरी ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से प्रथम महिला सांसद बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिला के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए ध्यान आकृष्ट कराया। नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शिक्षक समुदाय की समस्याओं के समाधान के लिए उचित एवं ठोस कार्रवाई की बात कही। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

# एक माह के भीतर औसत 15 प्रतिशत बढ़े आवश्यक वस्तुओं के दाम : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- मोदी निर्मित कमरतोड़ महंगाई से जनता परेशान
- आलू, प्याज, दाल, टमाटर के दाम बढ़ने से बिगड़ा रसोई का बजट

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने आवश्यक वस्तुओं के आसमान छूती कीमतों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें महंगाई मैन की संज्ञा देते हुए कहा कि लोग कमरतोड़ महंगाई से त्रस्त हैं और सरकार लोगों को राहत देने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। पिछले 10 साल के मोदी कार्यकाल में दाल, चावल, हरी सब्जियों, पेट्रोल-डीजल, गृह निर्माण साग्रियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि से आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई मैन मोदी के तीसरे कार्यकाल में महंगाई और बढ़ने का प्रबल संभावना है।



चंद्राकर ने कहा कि जनता महंगाई से त्रस्त हो चुकी है, लेकिन सरकार महंगाई से लोगों को राहत देने के लिए कुछ नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव के दौरान अपनी एक भी सभा में महंगाई का जिक्र नहीं किया। जनता का ध्यान भटकाने के लिए केवल हिंदू-मुस्लिम खेलते रहे। आज परिणाम ये है कि मोदी के तीसरे कार्यकाल की शपथ ग्रहण करते ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही है। चंद्राकर ने कहा कि खाने पीने के सामान का वजन घटाकर उनकी कीमत बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा, सरकार चाहे तो उत्पाद शुल्क कम कर जनता को बड़ी राहत दे सकती है। डीजल का दाम घटेगा तो यातायात की लागत घटेगी और सब्जियां तथा जरूरी चीजें सस्ती होंगी। खाने- पीने के सामानों की कीमत ज्यादा और वजन कम करके देश की जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि आज अति आवश्यक वस्तु दूध में प्रति लीटर 3 रुपए वृद्धि के 70 रु, आलू में 43% वृद्धि के साथ 35 रू. किलो, प्याज में 46% वृद्धि के साथ 40 रू. किलो, टमाटर 36% वृद्धि के साथ 40 रु. किलो, दाल 28% वृद्धि के साथ 180 रु किलो बिक रहा है। गरीब व मध्यम वर्ग परिवार सीमित आय के साथ परिवार चलाते हैं। जिस तरह से महंगाई दर में वृद्धि हो रही है, उस हिसाब से मजदूरों की मजदूरी व मध्यम वर्ग के इनकम में बढ़ोत्तरी नहीं होती। जिससे घर का पूरा बजट बिगड़ रहा है। पहले पांच रुपए में 80 ग्राम बिस्कुट मिलता था जो अब 50 ग्राम कर दिया गया है। इसी तरह से पहले चायपत्ती 50 रुपए में 200 ग्राम मिलती थी, जो अब 57 रुपए हो गई है। नमकीन अब 10 रुपए में 32 ग्राम मिल रहा, जो पहले 65 ग्राम मिलता था।

## राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



6 जून से 10 जून 2024 तक नागपुर महाराष्ट्र में पंजा कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित था। जिसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए दृष्टिहीन प्रीति यादव ने 60 किलो में दो रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही बिंदा यादव ने 60 किलो में दो रजत पदक प्राप्त किया। वहीं विकास यादव 5वें स्थान पर रहे। कोच तोरण यादव रहे। इस प्रतियोगिता में 21 राज्यों ने हिस्सा लिया था। पीपुल्स आर्म रेसलिंग इंडिया फेडरेशन टीम के कप्तान सन्नी बंसोड़ (अंतरराष्ट्रीय रैफरी) जो कि इस प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक रहे। महिला टीम कप्तान रूपाली फूले और टीम मैनेजर राम किशोर साहू, ऋषभ जैन है जो कि छग टीम के तकनीकी सलाहकार भी है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के चेयरमैन बृज मोहन सिंह, अध्यक्ष जी सुरेश पिल्लई, कृष्णा साहू, महासचिव श्रीकांत, आनंद साहू एवं फार्चून नेत्रहीन विद्यालय करमापटपर बागबाहरा के संस्थापक निरंजन साहू, संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही, समस्त शाला परिवार ने हर्ष जताया है। यह जानकारी फार्चून नेत्रहीन विद्यालय के खेल शिक्षक तोरण यादव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने दी।

# हरनादादर में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधायक

## राज्य सरकार से की मुआवजे की मांग, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव 12 जून को मृतक आदिवासी किसान के परिजनों से मुलाकात करने के लिए ग्राम हरनादादर पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मृतक के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही विधायक यादव ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान विधायक यादव ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है, उन्होनें राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपए के मुआवजे की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा। पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के लिए विधायक द्वारिकाधीश यादव के साथ-साथ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष केशव चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष रवि निषाद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा, शमीम खान, हीरा दास टंडन, ताम्रध्वज बघेल, नवल गायकवाड़, लोकेश दीवान, राजू चंद्राकर, ममता राम यादव, शब्बीर बड़ा खान, दुर्गेश यादव, राहुल यादव, कृष्ण भारद्वाज, घणाराम देवांगन, संतराम ठाकुर, बैसाखू खड़िया, आनंद राम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मृतक कृषक के परिजन उपस्थित रहे।

## लोक सेवा आयोग के मुख्य एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए टेस्ट सीरीज जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2024 एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के मुख्य परीक्षा हेतु 7 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया, एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में बुधवार को छठवां टेस्ट का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के मुख्य परीक्षा के लिए 7 टेस्ट सीरीज के क्रम में बुधवार को तीसरा टेस्ट पेपर -3 सामान्य अध्ययन का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ। इसमें इतिहास, संविधान, लोक प्रशासन आदि के प्रश्न पूछे गए थे। 07 टेस्ट के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन 13 जून 2024 को पेपर - 4 का टेस्ट आयोजित होगा। शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में बुधवार को शिक्षक के लिए टीईटी का पहला टेस्ट पेपर संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -6 हुआ। जिसमें कुल 150 नंबर का पेपर हुआ। इसमें बाल विकास, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे। टेस्ट सीरीज को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। शिक्षक के लिए टीईटी का पहला टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 118 परीक्षार्थियों और अन्य शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करने वाले 73 परीक्षार्थियों कुल 191 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में शिक्षक के लिए टीईटी का दूसरा टेस्ट पेपर का आयोजन 14 जून 2024 को संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट-7 टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और छत्तीसगढ़ मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# जो तन, मन व धन से सेवा-भक्ति करे, वहीं धनवान व्यक्ति : शैलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





ग्राम झलप के श्यामनगर में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस कथावाचक पं शैलेंद्र मिश्रा लखनपुर वाले ने कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन व धन से सेवा भक्ति करे वहीं आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम द्वारा ही संभव हो सकती है।

पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। कृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है, उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन कर यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण कर श्रीकृष्ण को पुकारा, तब कृष्ण पृथ्वी पर आए हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं, ताकि, पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदा माता से शिकायत कर दी कि मां तेरे लाला ने माटी खाई है। यशोदा माता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। अच्छा खोल मुख। माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। कृष्ण के मुख खोलते ही यशोदा ने देखा कि मुख में चर-अचर संपूर्ण जगत विद्यमान है। कथा में दूर-दूर से श्रोतागण कथा रसपान करने पहुच रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### धारदार हथियार लहराकर डराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोमाखान के शराब दुकान के पास धारदार हथियार चापड़ लहराकर लोगों को डराने वाले युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोमाखान शासकीय शराब दुकान के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में एक धारदार हथियार लोहे का चापड़ (कत्ता) लेकर हवा में लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है।
सूचना के बाद उक्त स्थल पर पहुंचकर हथियार लहराने वाले युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हेमंत सतनामी उर्फ लल्लू सतनामी पिता सुफल सतनामी (35 साल) निवासी वार्ड नंबर 14 खोफेतरा खरियार रोड थाना जोंक खरियार रोड जिला नुआपाड़ा (ओडिशा) का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार लोहे का चापड़ (कत्ता) को जब्त किया गया। वहीं युवक के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बाइक ने मारी टक्कर

**महासमुंद।** तहसील ऑफिस के पास एक कार को बाइक ने टक्कर मार दिया। प्रार्थी मनजीत सिंह कौशल (71) ने पुलिस को बताया कि बाइक सीजी 06 एचए 0752 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी कार को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया है।

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** जेब से पैसा निकालने से मना करने वाले युवक पर तीन लोगों ने मारपीट की। आरोपियों ने युवक को रॉड और पेचकस से वार करते हुए घायल कर दिया। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को प्रार्थी रूपेश पटेल पिता व्यास नारायण पटेल निवासी वार्ड नं 12 ग्राम खैरा ने बताया कि 11 जून को लगभग 10.30 बजे मैं अपने दादी के घर गुडरूपारा महासमुंद गया था। चाची दुकान के सामने मैं अपने साथी प्रतीक साहू, तोमेन्द चंद्राकर के बैठकर आपस में बातचीत कर रहा था। वहीं कुछ दूरी पर लाला निषाद, अमित निषाद और पप्पू निषाद बैठकर शराब पी रहे थे, तभी आरोपी अमित निषाद मेरे जेब में हाथ डालकर पैसा निकालने लगा। जब मैने उसे मना किया तो उसने गालियां देनी शुरू कर दी। इसी बीच उसके साथी व आरोपी लाला निषाद और पप्पू निषाद वहां आकर मुझसे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मारपीट करने के दौरान अमित ने अपने हाथ में रखे रॉड से मेरे सिर में मारा, जिससे मेरा सिर से खून निकलने लगा और लाल निषाद ने हाथ में रखे पेचकस से मेरे दोनों पैर के जांघ पर वार किया, जिससे मुझे चोट लगी है।इन तीनों के द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। मेरे दोस्त प्रतीक साहू, तोमेंद्र चंद्राकर किसी तरह बीच बचाव किये। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मेडिकल स्टोर्स में चोरी घटना सीसीटीवी में कैद

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 353 ग्राम खरोरा स्थित एक मेडिकल स्टोर्स का ताला काटकर अज्ञात आरोपी ने गल्ले में रखे 28 हजार रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने मेडिकल संचालक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि घटना की रिकार्डिंग सीसीटीवी में भी है।
पुलिस को वार्ड नं 10 इमलीभाठा निवासी यश रजक पिता मिश्रीलाल रजक ने बताया कि मैं एनएच 353 ग्राम खरोरा के साई मंदिर के पास स्थित पूजा मेडिकल स्टोर्स का संचालक हूं । 10 जून की रात्रि करीब 9.30 बजे बंद करके अपने घर इमलीभाठा आ गया। 11 जून की सुबह 05.30 बजे दीपक चंद्राकर ने मुझे फोन करके बताया कि मेडिकल स्टोर्स का ताला टूटा हुआ है, इसके बाद मैने जाकर देखा तो मेडिकल स्टोर्स के शटर में लगे दोनों तालों को काट कर दुकान के गल्ले में रखे लगभग 28000 रुपए नगद की अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली।

# बिजली की खपत हुई दोगुनी, शहर व गांवों में चरमराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बरसात के पूर्वानुमान के बावजूद बारिश नही होने और पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों को कूलर, पंखे और एसी से चिपके रहने पर मजबूर कर दिया है। इसके कारण टीवी, फ्रीज और अन्य घरेलू उपकरणों में भी बिजली की खपत बढ़ गई है। आंकड़ों की मानें तो महासमुंद संभाग में ही 11-12 मेगावॉट प्रति माह तक बिजली की खपत है, जबकि सामान्य दिनों में यह खपत 8-9 मेगावॉट होती है।

बिजली विभाग के अनुसार केवल शहर में ही 17 हजार 408 विद्युत कनेक्शन हैं। जिसमें 14 हजार 200 घरेलू कनेक्शन, 2 हजार 620 व्यवसायिक और शेष अन्य कनेक्शन हैं। सामान्य दिनों में जहाँ बिजली की खपत प्रतिमाह 8 से 9 मेगावॉट (20-25 लाख यूनिट) वहीं इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से छुटकारा पाने घरों , दफ्तरों, दुकानों और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में दिन-रात कूलर, पंखे और एसी का उपयोग हो रहा है जिससे बिजली की खपत लगभग दोगुनी हो गई है। यह खपत अब 11-12 मेगावॉट (40-50 लाख यूनिट) पर पहुंच गई है। जिससे आएदिन ट्रांसफॉर्मरों में भी तकनीकी समस्या आ रही है और बिजली बंद जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है।

## भीषण गर्मी और उमस से छुटकारा पाने लोग ले रहे एसी, कूलर, पंखा का सहारा

### आज शहर में नहीं मिलेगा पानी

विद्युत विभाग द्वारा बरसात से पूर्व 33 केवी फीडरो में किए जा रहे आवश्यक रख-रखाव के चलते आज गुरुवार को बेलसोंडा फीडर में भी रख-रखाव होगा और सुबह 9 से शाम 4 बजे तक फीडर क्षेत्रांतर्गत विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग एवं सीएमओ लवकेश ने खेद व्यक्त करते हुए बताया कि इसके कारण आज 13 जून को शहरवासियों को दोपहर 2 बजे और शाम साढ़े 6 बजे की जाने वाली पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।



### मेटनेंस के कारण बढ़ी परेशानी

इन दिनों शहर के कुछ क्षेत्रों में विद्युत विभाग का बरसात पूर्व मेटनेंस का कार्य लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बता दें कि हर साल की तरह इस साल भी बरसात में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए शहर में विद्युत विभाग द्वारा मेंटनेंस 31 मई से शुरू हुआ और यह कार्य आगामी 19 जून तक जारी रहेगा। जिसके लिए विद्युत विभाग ने सूचना जारी की है। उक्त तिथि में शहर के अलग-अलग हिस्सों में अलग- अलग दिन सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक कुल 6 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है।

**पहल :** प्रकरणों के निराकरण का उचित मार्गदर्शन देना होगा, कलेक्टर के निर्देश

# किसी भी आवेदक को गुमराह नहीं करेंगे अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों की समीक्षा समय सीमा के बैठक में की गई। कलेक्टर ने आवेदकों द्वारा दिए गए आवेदन जिसमें मांग और शिकायत हैं, उन आवेदन पर सभी संबंधित विभागों द्वारा क्या-क्या कारवाई की गई है, के संबंध में अधिकारियो से जानकारी ली और निराकरण का जवाब सभी विभागों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि किसी भी आवेदन का सही जवाब हां या नहीं में दें। यदि आपके विभाग से संबंधित आवेदक का कार्य नहीं है तो आवेदक को स्पष्ट जानकारी दें कि कौन से विभाग और कौन से ऑफिस से ये कार्य हो पाएगा। इसी प्रकार अधिकारियों को आम नागरिकों को सहयोग देने के लिए निर्देश दिए कि कोई भी नागरिक किसी कार्य, निर्माण कराने का मांग करते हैं तो उसे निर्माण से संबंधित विभाग और ऐसे मद की जानकारी उपलब्ध कराएं जिससे उनका निर्माण कार्य हो सके। इस अवसर पर विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित थे।




### सीमांकन का मौके पर नजरी नक्शा तैयार करें भू-राजस्व

बाढ़ आपदा से राहत के लिए कलेक्टर ने कहा कि एक सप्ताह में सभी जनपद, नगरीय निकाय और विभागवार प्लान तैयार करें कि जिले के महानदी के सरहद किनारे बसे गांवों में आपदा से निपटने के लिए क्या तैयारी की गई है। कलेक्टर ने राजस्व मामलों में कहा कि सीमांकन मौके पर नजरी नक्शा तैयार करें। फील्ड बुक और नजरी नक्शा का उपयोग कर अच्छा सीमांकन कार्य करना है। धर्मेश साहू ने समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी को निर्देश दिए कि सभी दिव्यांग को आरटीओ से समन्वय और शिविर करके दिव्यांग बस पास जारी करें जिससे उनका बस में फ्री यात्रा संभव हो। बैठक में जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

### मैदानी राशन दुकानों की क्रास चेकिंग करेंगे अधिकारी

साथ ही राशन आबंटन का रिकार्ड सिर्फ एप या वेबसाइट लॉगिन में नहीं देखें, बल्कि मैदानी राशन दुकानों में जाकर क्रॉस चेकिंग करें। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी ध्रुव को कहा कि ऐसे नागरिक जो वर्तमान में पलायन किए हैं, उनका ई श्रम कार्ड बनेगा की नहीं, जवाब में ध्रुव ने जानकारी दी। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों से धान उठाव, भंडारण, राइस मिलरों को जारी डीओ, निराकरण आदि के संबंध में चर्चा की।

### किसान की केवायसी और सीडिंग कराएं अफसर

बैठक में कलेक्टर ने कृषि के लिए खाद बीज वितरण, महतारी वंदन और पीएम किसान सम्मान निधि योजना में आधार का केवायसी और भूमि सीडिंग कराने की स्थिति की जानकारी लेकर कहा कि सभी महिला हितग्राही और किसान केवायसी और सीडिंग कराएं, ताकि योजनाओं का लाभ तुरंत मिले। कलेक्टर ने मनरेगा से जुड़े सभी कार्यों को करने के लिए कहा, जिसमें पशु शेड सहित अन्य कार्य शामिल है। बैठक में आंगनबाड़ी भवन निर्माण प्रारंभ और अप्रारंभ कार्य, जियो टैगिंग, सामुदायिक शौचालय, अमृतकाल विजन डॉक्यूमेंट 2047, सभी छूटे विभाग का आरटीआई लॉगिन पंजीयन के संबंध में समीक्षा की गई।

# कवि शशिभूषण स्नेही को साहित्य रत्न सम्मान




**गोपालपुर।** संस्कार भारती रायपुर एवं लोकरंजनी के तत्वावधान में रविवार को वृंदावन सभागार राजधानी रायपुर में आयोजित कवि सम्मान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के 21 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिला के ग्राम कैथा निवासी सुप्रसिद्ध गीतकार एवं हास्य–व्यंग्य के प्रसिद्ध संचालक कवि शशिभूषण स्नेही को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला एवं अध्यक्षता हेतु डीएसपी सुश्री लतीता मेहर रहीं, जिनकी गरिमामय उपस्थिति में सभी साहित्यकारों को सम्मानित किया गया, जहां कला एवं साहित्य जगत के अनेक मूर्धन्य सख्सियतों के अलावा शहर के अनेक प्रबुद्ध जनमानस की उपस्थिति रही शशिभूषण स्नेही अंचल के बेहद चर्चित मंचीय कवि के साथ–साथ मानवीय संवेदना, व्यंग्य आदि विषयों के सक्रिय रचनाकार हैं, जो देश के विभिन्न राज्यों में सैकड़ों मंचों पर अपनी प्रस्तुति सह प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इसके अलावा उनके साहित्यिक योगदान के लिए उन्हें पूर्व में भी भिन्न–भिन्न संस्थाओं द्वारा 8 विशेष साहित्यिक सम्मानों से सम्मानित किया गया है। समूचे प्रदेश भर के उनके प्रसंशक, मित्र एवं बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के लोग जन बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त कर रहे हैं। संस्कार भारती रायपुर के अध्यक्ष एवं लोकरंजनी के संचालक पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बताया कि साहित्य समाज का आईना है और उपर्युक्त सम्मानित कवि अपनी साहित्यिक जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं, जिसके लिए संस्था उनको सम्मानित कर रही है।

# डुमरतराई धनुष यज्ञ में शामिल हुए विधायक संदीप


हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

रायपुर ग्रामीण अंतर्गत बाबू जगजीवन राम वार्ड डुमरतराई में मंगलवार को आयोजित धनुष यज्ञ (बावारोटी) कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए। गांव वालों ने उपस्थित अतिथियों का साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। पश्चात अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मान्यता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व डुमरतराई में एक माहामारी आई थी जिससे गांव के लोगों को बचाव हेतु धनुष यज्ञ बाबा द्वारा डुमरतराई तालाब पार में पूजा अर्चना की गई थी, जिससे उस गांव में महामारी समाप्त हो गई थी, वह नियम आज भी कायम है। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार यहां के लोगों द्वारा डुमरतराई तालाब पार में पूजा अर्चना कर रोटी बनाकर पूरे गांव के लोग उस बने हुए रोटी को प्रसाद रूपी ग्रहण करते हैं। यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कार्यक्रम मे कसडोल विधायक संदीप साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू, पूर्व विधायक नन्दे साहू, साहू समाज युवा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, सुरजीत साहू, वार्ड पार्षद ऋषि बारले, ओमप्रकाश साहू, तरुण साहू, राजू यादव, भागवत सोनवानी, प्रेम धीवर, दिलीप साहू, दिलीप कुर्रे, लखन धीवर, सुशील साहू, मनोज जांगड़े, निकेश साहू, अजय साहू, धर्मेंद्र सोनवानी, तिलक साहू सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# गंगा दशहरा के दिन दीपदान से मिलते हैं कई लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



इस वर्ष गंगा दशहरा रविवार को मनाया जाएगा। पं. सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि ऐसा माना जाता है, कि इस दिन गंगाजी में स्नान करने से, दस प्रकार की गंभीर पापों का नाश होता है और व्यक्ति जन्म मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है। इस साल गंगा दशहरा के दिन चार शुभ संयोग बन रहा है। ऐसा मौका 98 साल के बाद आया है। इसी दिन धरती पर मां गंगाजी का स्वर्ग से अवतरण हुआ था। गंगा दशहरा के दिन हस्त नक्षत्र है। इसके अलावा सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ अमृत योग और रवि योग का भी अद्भुत संगम है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन गंगा स्नान से करोड़ों पाप कट जाते हैं। इससे पितर देव प्रसन्न होकर आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस दिन सुबह उठकर ब्रह्म मुहूर्त में एकाग्र मन से गंगा स्नान करना चाहिए। पूजा के साथ दीपदान का भी विशेष महत्व होता है। जो व्यक्ति गंगाजी से दूर है या नहीं जा सकते, वह अपने पास की नदी तालाब झरना को ही गंगा जी मानकर स्नान करें। जो घर में स्नान करते हैं वह स्नान के जल में थोड़ा गंगाजल डाल लें, और स्नान करें। गंगा स्नान का ही फल मिलता है, ऐसा वेद शास्त्र पुराणों का कथन है। गंगा दशहरा के दिन गंगा चालीसा का पाठ करना चाहिए। और इस मंत्र से स्नान करना चाहिए।

- पं. सुरेश ने कहा पूजा के साथ दीपदान का है विशेष महत्व

# सुरक्षित बचपन से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व बाल श्रमिक निषेध दिवस पर विशेष जागरुकता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बिनौरी में किया गया। उक्त साक्षरता शिविर में गिर्जेश प्रताप सिंह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि बच्चे किसी भी राष्ट्र के भावी निर्माता होते हैं। इस भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास की जिम्मेवारी राष्ट्र के साथ–साथ हम सबकी है। बच्चों को बाल श्रम जैसे शिकंजे से उन्मुक्त कर शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाने से ही इनका भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। दुनिया भर में बाल श्रम की बुराई व्यापक रूप से घर कर चुकी है। इसके पीछे, गरीबी निरक्षरता, कानून में ढील व सामाजिक–आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। केवल सुदृढ़ आर्थिक स्थिति से ही विश्व का कोई भी देश बाल श्रम की समस्या को समाप्त करने में सफल नहीं हो सकता। बाल श्रम की बुराई को सामाजिक दृष्टिकोण और राजनीतिक संवेदनशीलता से ही दूर किया जा सकता है। सामान्यतः जब भी हम बाल श्रम शब्द सुनते हैं तो हमारे दिमाग में ढाबे पर काम कर रहे, साइकिल का पंचर बना रहे या सड़कों पर गुब्बारे आदि बेच रहे बच्चों की छवि उभर कर सामने आती है, लेकिन हम आपको बता दें कि बाल श्रम भी कई तरह का होता है। जैसे–बाल मजदूर वे बच्चे जो कारखानों, कार्यशालाओं, प्रतिष्ठानों, खानों और घरेलू श्रम जैसे सेवा क्षेत्र में मज़दूरी या बिना मज़दूरी के काम कर रहे हैं। गली–मोहल्ले के बच्चे– इसके अंतर्गत कूड़ा बीनने वाले, अखबार और फेरी लगाने वाले और भीख मांगने वाले बच्चे आते हैं। बंधुआ बच्चे– इस श्रेणी में वे बच्चे आते हैं जिन्हें या तो उनके माता–पिता ने पैसों की ख़ातिर या जो कर्ज़ चुकाने के चलते मज़बूरन काम कर रहे हैं।

बाल मजदूरी देश के प्रगति में बाधक, सुरक्षित बचपन से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है।

बाल मज़दूरी देश की प्रगति में एक बाधा है, इसलिये देश को आर्थिक समृद्धि की पटरी पर तेजी से दौड़ाने के लिये बाल मज़दूरी को पूरी तरह से समाप्त करना होगा। आखिर बच्चे ही तो देश का भविष्य हैं। बच्चों के विकास के बगैर किसी भी देश का दीर्घकालिक और टिकाऊ विकास नहीं हो सकता। सुरक्षित बचपन से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। इसके अलावा बचपन बचाओ आंदोलन, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन, चाइल्ड फंड, तलाश एसोसिएशन जैसे कई संगठन बच्चों को इस जाल से निकालने का काम कर रहे हैं, लेकिन यह कार्य पूरी तरह से सार्थक तभी होगा, जब हमारे समाज का प्रत्येक व्यक्ति व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रम को रोकने का प्रयास करेगा।

- बिनौरी में विश्व बाल श्रमिक निषेध दिवस पर विशेष जागरुकता शिविर लगा

**कनौजिया सेन समाज के सामाजिक भवन में अहाता निर्माण का भूमि पूजन**

# जनहित के कार्यों में सहयोग करता है सेन समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा की उपस्थिति में कनौजिया सेन समाज के अहाता निर्माण का भूमि पूजन किया गया। भूमिपूजन के पूर्व सेन समाज द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर यशवर्धन मोनू वर्मा ने कहा कि सेन समाज आदि काल से जनहित कार्य में सहयोग करते आ रहा है। समाज को जब भी कोई आवश्यकता होगी उसके लिए मैं आपका बेटा बनकर हर संभव सहयोग करुंगा, समाज के भवन निर्माण के लिए शासन से 10 लाख दिलवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सेन समाज हमेशा एक जुटता से कार्य करने वाला समाज है।



इस अवसर पर नगर पंचायत पलारी के पार्षद नूतन मनोज वर्मा, ताजेन्द्र कनौजे, टुकेश्वरी वर्मा, संतोष देवांगन, मूलचंद धीवर, पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार एवं कनोजिया सेन समाज परिक्षेत्र बलौदाबाजार अध्यक्ष रामकुमार सेन, कलीराम सेन, बिसहत सेन, विष्णु सेन, कुंभकरण सेन, संतु सेन, लेखराम सेन, कृष्णा सेन, प्रकाश कुमार सेन, कुलेश्वर सेन, कोमल सेन, भरत सेन, सुदामा सेन, नरेंद्र सेन, बगस सेन , दीपक सेन, अजय सेन, कुंज सेन, अशोक सेन, गोपी सेन, रामचंद्र सेन, टिकेश्वर सेन, टेकराम सेन, कमल सेन, सावित्री सेन, दुलेश्वरी सेन, रामबाई सेन एवं समस्त कनौजिया सेन समाज परिक्षेत्र बलौदाबाजार उपस्थित थे।

# मेहर समाज के जिला अध्यक्ष बने रामरतन डांडेकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर में रविवार को मेहर समाज के जिला अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इसमें ग्राम दतरेंगी निवासी रामरतन डांडेकर ज्यादा वोट प्राप्त कर जिला के नए अध्यक्ष बने। चुनाव समाज के मंगल भवन में हुआ, जिसमें जिलेभर से भारी संख्या में समाज के मतदाताओं ने हिस्सा लिया। यह चुनाव समाज के प्रदेश अध्यक्ष खेमराज बाकरे एवं महासचिव राकेश मेहर की उपस्थिति में हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश डांडेकर ने शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न होने पर सबका धन्यवाद ज्ञापित कर विजयी प्रत्याशी को प्रशस्ति पत्र दिए। चुनाव में विशेष सहयोगी पूर्व जिला अध्यक्ष मंगलुराम लहरी, कुंजराम लहरी, डॉ. बलराम मिर्झा, गणेश शिवारे, अर्जुन डांडेकर, टेकराम लसेल, दुकलहा डांडेकर, प्रदीप पाठक, मीडिया प्रभारी शाहिद एन डांडेकर, श्यामरतन लहरी, महेश बघेल, सुरेश कबीरा, सोहन बघेल, सत्रोहन गजेंद्र आदि मौजूद थे।